# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **पलामू, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा समेत देश के 96 सीटों के लिए थमा प्रचार का शोर, मतदान सामग्रियो के साथ पोलिंग पार्टियों का बूथों के लिए रवानगी का सिलसिला शुरु।**
2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– चौथे चरण के चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी, 13 मई को सवेरे साढ़े पांच बजे से होगा मॉकड्रिल, सात बजे से होगी वोटिंग।**
3. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चतरा के सिमरिया में चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा– यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं, मजबूत भारत बनाने का है।**
4. **राज्य में पांचवें और छठे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर, असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने खूंटी से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा तो मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला में ईंडी गठबंधन के पक्ष में मांगा समर्थन।**

**और**

5. **रांची के धुर्वा डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत, गिरिडीह के गावां में बिजली तार ने एक मासूम की ली जान।**

******************

चौथे चरण में झारखंड के पलामू, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा समेत देशभर के छियान्बे सीटों के लिए आज शाम पांच बजे प्रचार का शोर थम गया। अब प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेनिंग कर सकेंगे। 13 मई को इन सीटों के होने वाले मतदान को लेकर पूरी सुरक्षा के साथ मतदान कर्मियों को बूथों के लिए रवाना करने का सिलसिला शुरु हो चुका है। इसी कड़ी में लोहरदगा के दूरस्थ इलाकों में स्थित चौदह मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इधर, सिंहभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले सरायकेला विधानसभा और खूंटी संसदीय सीट के तहत खरसांवा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को कल सवेरे मतदान सामग्रियों के साथ रवाना किया जाएगा। इसके लिए काशी साहू कॉलेज में डिस्पैच सेंटर और ईवीएम वेयरहाउस बनाया गया है।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि 13 मई को सवेरे साढ़े पांच बजे से मॉकड्रिल शुरू होगा जबकि सुबह सात बजे से शाम पांचे बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन वोटर टर्न आउट एप्प के माध्यम से हर दो घंटे पर वोटिंग ट्रेंड उपलब्ध होगा। इसके अलावे उसी दिन रात के बारह बजे तक मतदान के आंकड़ें भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाता द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटो लेने की मनाही होगी।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं देश बनाने का चुनाव है। यह बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करने का चुनाव है। वे आज आज चतरा जिले के सिमरिया स्थित मूरवे में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए उद्योग और अच्छी सड़कों को बनाने का काम लगातार केंद्र करती आ रही है। यहां एनटीपीसी के पावर प्लांट की आधारशिला अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने रखी थी और इसका उद्घाटन भी हमारी सरकार ने किया। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करती रहेगी।

******************

चुनाव आय़ोग के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर आज शाम पांच बजे से संबंधित इलाकों में ड्राई डे घोषित कर दिया है। इस दौरान शराब की सभी दुकानें बंद रहेगी, जबकि होटलों और अन्य स्थलों पर भी शराब वितरित नहीं किए जाएंगे. इधर, रांची जिला के विभिन्न इलाकों में तेरह मई तथा पच्चीस मई को होने वाले चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों और उसके आसपास तंबाकू और अन्य नशीले तथा मादक उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है। उपायुक्त–सह –जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा ने इस लेकर आदेश जारी कर दिया है।

******************

झारखंड में पांचवे चरण में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा तथा छठे चरण में रांची, धनबाद, गिरिडीह और जमशेदपुर सीट पर होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर है। इस सिलसिले में असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में आज तमाड़ में जनसभा को संबोधित किया। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसी सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के लिए जनता से समर्थन मांगा। वहीं कल्पना सोरेन ने पलामू में चुनाव सभा में शामिल हुईं। इसके साथ स्थानीय विधायकों और नेताओं द्वारा भी लगातार प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने धनबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो के समर्थन में महिलाओं से वोट करने की अपील की, वहीं जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा समन्वय समिति ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगा।

******************

गढ़वा जिला प्रशासन अस्सी प्रतिशत से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने का अभियान लगातार चला रहा है।

******************

धनबाद जिले के झरिया में अग्नि प्रभावित इलाके के दो मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। जिले की उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया  बूथ संख्या 225 और 226 अग्नि एवं धंसान प्रभावित इलाके में थे, इस वजह से इन दोनों मतदान केंद्रों को डीएवी हाई स्कूल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

******************

गुमला के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने 13 मई को लोहरदगा सीट के लिए होने वाले मतदान को लेकर की गई तैयारियों से संवाददाताओं को आज अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

******************

साहिबगंज जिले में लोकसभा निर्वाचन को लेकर नियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारियों के लिए आज हैंड ऑन कमीशनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इन्हें चुनाव से जुडी जानकारियां देने के साथ आवश्यक् निर्देश दिए गए।

******************

गोड्डा जिला प्रशासन और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रयासों से **बाल विवाह** से जुड़े मामलों में कमी आ रही

******************

राजधानी रांची के धुर्वा डैम में आज नहाने के क्रम में डूब जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस गोताखोरों की मदद से शवों का निकालने का प्रयास कर रही है। उधर, गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र में जर्जर बिजली तार के टूटकर गिरने से एक मासूम की जान चली गई। इस हादसे के विरोध में स्थानीय लोगों ने बिजली ऑफिस के समक्ष शव को रखकर घंटों सड़क जाम रखा।

******************

**संक्षिप्त खबरें–**

- पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के तुंबागड़ा में आज एनएचएआई के सड़क निर्माण का कार्य करा रही एख कंपनी के चार कर्मियों को स्थानीय रैयतों ने बंधक बना लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन कर्मियों को रैयतों से मुक्त कराया।
- रांची रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर अवैध हॉकरों के खिलाफ आरपीएफ ने अभियान चलाया। इस दौरान मूरी स्टेशन पर छह, रांची स्टेशन पर चार, लोहरदगा स्टेशन पर दो और बानो स्टेशन पर दो अवैध हॉकरों के खिलाफ  कार्रवाई की गई।
- पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के चमरखी गाँव के निकट एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट जाने से आधे दर्जन यात्री घायल हो गए, इनमें से चार की हालत गंभीर है।

*******समाप्त*******